# ठोस कचरा प्रबंधन में फेल जयपुर ग्रेटर और हैरिटेज निगम पर 8 करोड़ रु. जुर्माना लगाया

## नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने अजमेर निवासी अशोक मलिक की याचिका पर फैसला सुनाया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने ठोस कचरा प्रबंधन में फेल साबित हो रहे जयपुर ग्रेटर और हैरिटेज नगर निगम पर 8 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। एन.जी.टी. ने यह फैसला अजमेर निवासी अशोक मलिक द्वारा दायर याचिका संख्या 83/2023 पर सुनवाई करते हुए सुनाया। कोर्ट ने राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जुर्माना वसूली की अनुपालना रिपोर्ट 3 सप्ताह के अंदर देने का आदेश दिया है। साथ ही, इस मामले की अगली सुनवाई 16 जुलाई 2024 को निर्धारित की गई है।

सूत्रों की मानें तो याचिका में आरोप लगाया गया था कि जयपुर नगर निगम रोजाना करीब 1000 टन ठोस कचरे का प्रबंधन नहीं कर पा रहा है। इससे जयपुर शहर और आसपास के पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है।

- **याचिका में कहा गया कि, ''जयपुर नगर निगम रोजाना करीब 1000 टन ठोस कचरे का प्रबंधन नहीं कर पा रहा है, इससे जयपुर शहर और आसपास के पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है।''**
- **एन.जी.टी. ने राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जुर्माना राशि वसूली की अनुपालना रिपोर्ट 3 सप्ताह के भीतर पेश करने का आदेश दिया है। साथ ही, इस मामले की अगली सुनवाई 16 जुलाई 2024 को निर्धारित की गई है।**

इस पर सुनवाई करते हुए एन.जी.टी. ने 26 जुलाई 2023 को एक समिति का गठन किया था। इस समिति में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला कलेक्टर और जयपुर नगर निगम के एक-एक सदस्य को शामिल किया गया था। समिति ने 20 अक्टूबर 2023 को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इस रिपोर्ट के मुताबिक जांच में पाया गया कि जयपुर नगर निगम वास्तव में प्रतिदिन 1000 टन कचरे का प्रबंधन नहीं कर पा रहा है।

एन.जी.टी. ने अपनी सुनवाई में इस लापरवाही को पर्यावरणीय क्षति माना और जयपुर के दोनों नगर निगमों पर 8 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश दिया। जुर्माने की राशि का निर्धारण राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किया गया। गत 7 फरवरी 2024 को हुई सुनवाई में राजस्थान पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने जुर्माने की राशि 8 करोड़ रुपए बताई थी।

सूत्रों की मानें तो एन.जी.टी. द्वारा यह जुर्माना लगाने पर जयपुर नगर निगम (ग्रेटर) के आयुक्त ने आपत्ति जताई। उन्होंने तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले से ही इसी मामले में 3000 करोड़ रुपए के जुर्माने पर रोक लगा दी है, इसलिए उन्होंने जुर्माना माफ करने की मांग की। लेकिन, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के जज न्यायमूर्ति शिव कुमार सिंह ने इस दलील को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह एक अलग मामला है और जयपुर नगर निगम पर पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन के लिए सख्ती से जुर्माना लगाया जाएगा।

याचिकाकर्ता अशोक मलिक ने भी जवाबी हलफनामा दायर किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जयपुर नगर निगम ठोस कचरा प्रबंधन के लिए उचित नियमों का पालन नहीं कर रहा है और लगातार ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 का उल्लंघन कर रहा है। मलिक ने यह भी बताया कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में लगाए गए 3000 करोड़ रुपए के जुर्माने पर लगी रोक के दुरुपयोग के खिलाफ याचिका दायर की है और सुप्रीम कोर्ट से रोक हटाने का आग्रह किया है। एनजीटी ने सभी पक्ष की दलीलों और रिकॉर्ड को ध्यान में रखते हुए 8 करोड़ रु. जुर्माना जयपुर नगर निगम ग्रेटर पर लगाने का आदेश दिया। उन्होंने राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जुर्माना वसूली की अनुपालना रिपोर्ट 3 सप्ताह के अंदर देने का आदेश दिया है। साथ ही, इस मामले की अगली सुनवाई 16 जुलाई 2024 को निर्धारित की गई है।

## श्री प्रेमभाया सरकार का नगर संकीर्तन धूमधाम से निकला



**जयपुर**। श्री प्रेमभाया मंडल समिति की ओर से आयोजित 84 वें श्री प्रेमभाया महोत्सव के तीन दिवसीय भक्ति संगीत समारोह के तीसरे दिन धूमधाम से नगर कीर्तन निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शाम को महाआरती के साथ शुरू हुए नगर संकीर्तन में श्री प्रेमभाया सरकार का नयनाभिराम श्रृंगार कर रथ में विराजमान किया गया।

प्रारंभ में दीपक शर्मा ने भजो राधे गोविंद भजो राधे की टेर लगवाई। लोकेश सैनी ने कद आवोला कन्हैया म्हारे द्वार मैं ठाडी न्हांलू बाठटली..., अभिषेक साहू ने तरस हरयो, दरश दिखाओ गोपीनाथ, कृपा निधान दान मुक्ति को दे, बैकुण्ठ पड़ावो गोपीनाथ.., बनवारी सैनी ने पाछां से मटकी फोड़ी छाने से गागर तोड़ी या काहे की होरी कानूड़ा... , राघव खण्डेलवाल ने ओ रे नंदबाबा ने खिज्यो रे बैठ कदम की डार कान्हो चीर चुरावै रे.. जैसे भजन सुनाकर माहौल को सरस बना दिया। हरि मोहन गोयल, प्रभु चौधरी, चेतन गहलोत सहित अन्य भक्तों ने भी भक्त युगल किशोर शास्त्री की रचनाओं से भक्ति रस बरसाया। नगर संकीर्तन में घर घर से श्री प्रेमभाया सरकार की आरती उतारी गई और पुष्प वर्षा की गई। नगर संकीर्तन युगल कुटीर जयलाल मुंशी के रास्ते से प्रारंभ होकर जाट के कुए का रास्ता, गोपीनाथ जी का मंदिर, बारह भाइयों का चौराहा, नाहरगढ़ रोड चांदपोल बाजार छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, गोपाल जी का रास्ता, लाल जी सांड का रास्ता, अजायबघर का रास्ता, खूंटेटो का रास्ता, खेजड़ो का रास्ता पहुंचा। गुरूवार सुबह 7 बजे नगर संकीर्तन पुनः युगल कुटीर पहुंच कर सम्पन्न होगा।

## आत्महत्या के लिए उकसाने वाले तीन लोग गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। बजाज नगर पुलिस ने एक व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच-अधिकारी एसआई फूलचंद ने बताया आरोपित नितिन काबरा (35) निवासी ई-24, मंगलम सिटी करधनी, सुनील सैनी (45) निवासी 6ए, पार्वती नगर, मानसरोवर और मोहम्मद असगर (26) निवासी ए-287, वन विहार कॉलोनी, गलता गेट को गिरफ्तार किया गया है। मृतक गोविन्द सैनी (49) निवासी बी-10,आनंदपुरी, मोती डूंगरी एक कंपनी में गाड़ी बेचने का काम करता है। वह इन पैसों को अवैध रूप से अपने बैंक खाते में लेता था। इसी कंपनी में नितिन काबरा अकाउंटेंट है। गोविंद रुपयों को नितिन, सुनील और असगर के साथ बांट लेता था। इस गबन का जब कंपनी को पता चला तो गोविन्द मानसिक अवसाद में आ गया। वहीं, नितिन, सुनील और असगर द्वारा उसे आत्महत्या के लिए उकसाया गया, जिनसे प्रताड़ित होकर उसने जहर खा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## चोर ने दी खुदकुशी करने की धमकी

**जयपुर**। ''चोरी और ऊपर से सीना जोरी'' वाली कहावत का ताजा उदाहरण विद्याधर नगर क्षेत्र में सामने आया है। थाने में एक युवक ने मामला दर्ज करवाया कि उसके यहां पर काम करने वाले युवक ने पहले उसके यहां पर चोरी की और फिर पकड़ा गया तो आरोपी ने उसे सुसाइड करने और सुसाइड नोट में उसका नाम लिखने की धमकी दी। आरोपी ने परिवादी को झूठा मुकदमा दर्ज करवाने की भी धमकी दी। इस पर पीडित ने पुलिस की शरण ली। पुलिस के अनुसार विद्याधर नगर निवासी राजेश झाझडिया ने मामला दर्ज करवाया कि उसके यहां पर उदयपुरवाटी झुंझुनूं निवासी इंद्रजीत असवाल काम करता था। काम करने के दौरान आरोपी ने उसके यहां पर चोरी की। चोरी करते हुए पकड़े जाने पर आरोपी ने सुसाइड करने और सुसाइड नोट में उनका नाम लिखने की धमकी दी और कहा कि उसके खिलाफ एसटी-एससी की धाराओं में मुकदमा दर्ज करवा देगा। इस पर पीड़ित ने सारी कहानी पुलिस को बताई।

# भट्टा बस्ती में बिंदौरी पर असामाजिक तत्वों ने पथराव किया, तनाव उपजा





भट्टा बस्ती क्षेत्र में मंगलवार देर रात बिंदोरी पर असामाजिक तत्वों द्वारा पथराव के बाद मौके पर आक्रोशित लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया।

**जयपुर** (कासं)। भट्टा बस्ती थाना इलाके में मंगलवार देर रात बिंदोरी निकालने के दौरान असामाजिक तत्वों ने महिलाओं पर पथराव किया। पथराव की सूचना पर तनाव फैल गया और मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया।

घटना की जानकारी मिलते ही सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा और हवामहल विधायक बाल मुकुंदाचार्य भी मौके पर पहुंचे। विधायकों ने पुलिस से असामाजिक तत्वों को जल्द से जल्द अरेस्ट करने की मांग की। पुलिस के आश्वासन के बाद स्थानीय लोग और विधायक वापस लौट गए। रात को तनाव की स्थिति को देखने हुए मौके पर जाप्ता तैनात रहा।

- **सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाइश कर लोगों को शांत किया, रात को तनाव की स्थिति देखते हुए मौके पर जाप्ता तैनात रहा**

पुलिस के अनुसार मंगलवार देर रात करीब 8 बजे भट्टा बस्ती में कुछ महिलाएं गाजे-बाजे के साथ बिंदौरी निकाल रही थी। छोटा पार्क के पास से गुजरने के दौरान असामाजिक तत्वों ने महिलाओं पर पथराव किया। पथराव की सूचना फैलते ही आस-पास के लोग जमा हो गए। बिंदौरी पर पथराव की सूचना पर सिविल लाइंस और हवामहल विधायक भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस प्रशासन का कहना है कि पार्क में रात को कुछ बच्चे खेल रहे थे उन्होंने ही बिंदौरी पर पत्थर फेंके थे। इस मामले में पुलिस घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

हाउसिंग बोर्ड सेक्टर चार निवासी प्रतापसिंह ने मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि घटना के समय पार्क में 10 से 15 साल के करीब आधा दर्जन से ज्यादा बच्चे खेल रहे थे। पुलिस इन बच्चों की जानकारी जुटा रही है।

## आठ शराब माफिया पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर**। पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने एक महिला सहित आठ शराब माफियाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मौके से 693 देशी शराब के पव्वे, 74 अंग्रेजी शराब के पव्वे, 18 बीयर, 26 कैन सहित 7330 बिक्री राशि बरामद की है।

पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ ने बताया गलता गेट में नरेश कुमार उर्फ़ वीरू, आदर्श नगर साजिश खान, खोह-नागोरियान में भंवर लाल, शिवदासपुरा में लेखराज मीना, चित्रकूट में अभिषेक सांसी, ट्रांसपोर्ट नगर में रोहित शर्मा और प्रताप नगर में राजवंती को गिरफ्तार किया है। वहीं, शिवदासपुरा में कार्रवाई की भनक लगने पर आरोपियों फोरन्ती मालावत फरार हो गई, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस टीम ने मौके से 693 देशी शराब के पव्वे, 74 अंग्रेजी शराब के पव्वे, 18 बीयर, 26 कैन सहित 7330 बिक्री राशि बरामद की है। पुलिस आरोपियों से नेटवर्क को लेकर पूछताछ कर रही है।

## चोर गिरफ्तार

**जयपुर**। हरमाड़ा थाना पुलिस ने एक शातिर मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी का मोबाइल सहित एक बाइक जब्त की गई है। डीसीपी (वेस्ट) अमित कुमार ने बताया गिरफ्तार आरोपित सुरेश कुमार स्वामी (35) डूंगर सिंह का बास, किशोरपुरा, रेनवाल का रहने वाला है। आरोपी के कब्जे से चोरी का मोबाइल सहित एक बाइक जब्त की गई है।

# युवक के सिर में बल्ले से वार कर हत्या की

- **करणी विहार क्षेत्र में शराब पीकर उत्पात मचा रहे युवक पर किया था आरोपी ने हमला**

**जयपुर**। करणी विहार थाना इलाके में देर रात शराब पीकर उत्पात मचा रहे युवक की इंस्पेक्टर के बेटे ने बल्ले से सिर पर वार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी युवक फरार हो गया था, जिसको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस पूरे घटनाक्रम का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में मृतक पार्क के पास से गुजरता नजर आ रहा है। इसके बाद आरोपी ने उस पर बल्ले से हमला कर दिया। फुटेज में हमले के दौरान आरोपी के पिता भी नजर आ रहे है। इसके बाद घायल को कार में डालकर ले जाते नजर आ रहे है।

पुलिस के अनुसार जगदम्बा नगर निवासी 35 वर्षीय मोहन लाल पुत्र मुन्ना लाल रजनी विहार में सब्जी का ठेला लगाता है। मोहन नशे का भी आदी बताया जा रहा है। मंगलवार देर रात करीब साढ़े 10 बजे वह शराब पीकर रजनी विहार में पार्क के सामने उत्पात मचा रहा था। इस पर मोहन के पास में रहने वाले क्षितिज शर्मा से कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद क्षितिज शर्मा अपने मकान में गया और वहां से बल्ला लेकर आया और मोहन पर सिर और शरीर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। इससे मोहन लाल गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना के दौरान आरोपी का पिता भी घटना स्थल पर मौजूद था। हमले के बाद आरोपी के परिजनों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के सम्बंध में कामिनी पत्नी मुन्ना लाल ने मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस का कहना है कि जगदम्बा नगर निवासी 35 वर्षीय मोहन पुत्र मुन्ना लाल ने रजनी विहार में ठेला लगा रखा था। रात करीब 10.30 बजे मोहन शराब के नशे में रजनी विहार में पार्क के सामने से गुजर रहा था। गुजरने के दौरान वह गाली-गलौज कर रहा था। इस पर उसकी क्षितिज से कहासुनी हो गई। इस पर क्षितिज ने बल्ले से उसके सिर और शरीर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। सिर में चोट लगने से वह गंभीर रुप से घायल हो गया था, बाद में उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। आरोपी को हिरासत में पूछताछ की जा रही है। हत्या में शामिल युवक एक पुलिसकर्मी का बेटा है।

# कार में आग लगने से चालक जिंदा जला

**जयपुर** (कासं)। हरमाड़ा थाना इलाके में बुधवार को चलती कार में आग लग गई। आग में जिंदा जलने से चालक की मौत हो गई। आग की सूचना पर दमकल ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। आग का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार राजावास के पास बुधवार शाम 7 बजे एक चलती कार में अचानक आग लग गई। आग ने कुछ ही समय में पूरी कार को आगोश में ले लिया। इसके चलते कार चालक उसमें फंस गया और उसकी जिंदा जलने से मौत हो गई। सूचना पर विश्वकर्मा फायर स्टेशन से दमकल मौके पर पहुंची और करीब आधे घंटे में आग पर काबू पाया। आग बुझाने के बाद जब कार को संभाला तो उसमें एक युवक का शव मिला। शव को बाहर निकालकर अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया। पुलिस ने बताया कि चलती कार में आग लगने से चालक की जिंदा जलने से मौत हुई है। मृतक की शिनाख्त मुकेश शर्मा निवासी लोहा मंडी के रूप में हुई है।

## सट्टे की खाईवाली करता बुकी दबोचा

**जयपुर**। जवाहर सर्किल पुलिस ने एक क्रिकेट बुकी को उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार किया है। पुलिस को मौके से एक एलईडी, तीन मोबाइल, जिओ फाइबर राउटर सहित एक डायरी बरामद की है, जिसमें 1 करोड़ 15 लाख रूपए का हिसाब-किताब मिला। इसी डायरी में कई बड़े सटोरियों के नाम उजागर हुए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि कांस्टेबल लोकेन्द्र सिंह की सूचना पर नंदपुरी स्थित मकान संख्या-69, पर दबिश दी गई। यहां स्वराज जैन (50) निवासी मालवीय नगर एलएसजी और आरसीबी के बीच चल रहे क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टे की खाईवाली कर रहा था।

# 'राइट-टू-हैल्थ समझौते का क्रियान्वयन करे सरकार'

**जयपुर** (कासं)। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय लागू ''राइट-टू-हैल्थ'' कानून को लेकर निजी अस्पतालों के आंदोलन को एक वर्ष बीत चुका है, लेकिन जो समझौता तत्कालीन राज्य सरकार ने किया था, वह आज तक लागू नहीं हो सका है। यह आरोप प्राइवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स सोसायटी के प्रेसिडेंट डॉ.विजय कपूर ने लगाए है।

डॉ. कपूर ने कहा कि गत 4 अप्रैल 2023 को 'राइट-टू-हैल्थ' बिल के विरोध के बाद राज्य सरकार ने आंदोलन का पटाक्षेप कर एक लिखित समझौता किया था। करीब एक वर्ष बीत जाने के बाद भी प्रदेश के सभी निजी अस्पतालों का कोटा मॉडल पर नियमितिकरण , सिंगल विंडो सिस्टम, फ़ायर एन.ओ.सी. का 5 वर्ष में नवीनीकरण जैसे मुद्दों का क्रियान्वयन नहीं हुआ।

डॉ. विजय कपूर ने सरकार से आग्रह किया है कि जनता व चिकित्सक समुदाय के व्यापक हित में इस पर संज्ञान लिया जाए और समझौते में निहित बिंदुओं पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उनकी अविलंब पालना व क्रियान्वयन किया जाए। डॉ. कपूर ने कहा कि यह किसी भी सरकार का नैतिक व संवैधानिक दायित्व भी है।

## सार-समाचार

### माहवारी स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम



**जयपुर**, (का.सं.)। मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान एवं महिला सशक्तिकरण फाउंडेशन की ओर से प्रताप नगर में महिलाओं एवं बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता एन.बी.सी. कैफ़े की डायरेक्टर दिव्या गोयल ने महिलाओं को माहवारी के दिनों में स्वच्छता का ध्यान रखने की सलाह दी। किशोरियों को मासिक धर्म के बारे में बताया एवं इस सम्बन्ध में खुल कर चर्चा होनी चाहिए ताकि गंभीर संक्रमण या बीमारी से बचा जा सके। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में प्रोफेसर, ट्रस्ट सदस्य एवं मिडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से गत 8 वर्षों में 160 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर निःशुल्क सेनेटरी पैड्स का वितरण किया जा रहा है।एन.बी.सी. कैफ़े की तरफ से 100 महिलाओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड्स भी वितरित किये गए। महासचिव दुर्गा वर्मा ने बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता के बारे में जागरूक करने के लिए अभिनव पहल अच्छे दिन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें कच्ची बस्तियों, ग्रामीण क्षेत्रों, स्लम एरिया में जाकर मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूक कर सेनेटरी नैपकिन के उपयोग के महत्व के बारे में किशोरियों और महिलाओं के बीच जागरूकता पैदा की जा रही है, जिसमें आंगनबाड़ियों, विद्यालयों और गांवों को सम्मिलित किया जा रहा है। इस अवसर पर दिव्या गोयल, दुर्गा वर्मा, सुमन देवी, अंजू वर्मा, पुष्पलता, विद्या देवी, कौशल सत्यार्थी मौजूद रहे ।

### भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा का स्वागत

**जयपुर**। श्री शिव महापुराण कथा समिति के सदस्यों ने जयपुर शहर से भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा का उनके प्रधान कार्यालय पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। समिति के महामंत्री अरुण खटोड़ ने बताया कि मंजू शर्मा समिति की संस्थापक सदस्य और उपाध्यक्ष रह चुकी हैं। वहीं इस समिति की स्थापना भी मंजू शर्मा के पिता और भाजपा के वरिष्ठ नेता दिवंगत भंवरलाल शर्मा की प्रेरणा से हुई थी। मंजू शर्मा को जयपुर शहर से लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने के निर्णय से समिति के सभी सदस्य अत्यधिक प्रसन्न एवं उत्साहित हैं तथा भगवान शिव से मंजू शर्मा के रिकॉर्ड मतों से विजय होने की प्रार्थना करने के साथ पूरा प्रयास भी करेंगे।

# प्लास्टिक के दाने बनाने वाली फैक्ट्री में आग



लोहामंडी रोड स्थित माचड़ा में बुधवार को प्लास्टिक के दाने बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई, जिसे आधा दर्जन दमकलों ने करीब 2 घंटे के प्रयास के बाद बुझाया।

**जयपुर**। हरमाड़ा इलाके में बुधवार दोपहर एक प्लास्टिक के दाने बनाने वाली फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। आग की सूचना पर पुलिस और दमकल मौके पर पहुंची। करीब आधा दर्जन से अधिक दमकलों ने करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया। आग का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि करीब पौने तीन बजे माचड़ा में लोहामंडी रोड पर एक प्लास्टिक के दाने बनाने वाली फैक्ट्री में आग लग गई थी। आग ने कुछ ही समय में विकराल रुप ले लिया। आग करीब 2 किलोमीटर से नजर आ रही थी। धुएं का गुब्बार भी काफी दूर तक फैल गया। आग की सूचना पर वीकेआई फायर स्टेशन से करीब 7 दमकल मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया। आग से लाखों रुपए का तैयार और कच्चा माल जल कर राख हो गया। आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना के दौरान फैक्ट्री में आधा दर्जन से ज्यादा मजदूर काम कर रहे थे। धुआं निकलता देखकर सभी कर्मचारी समय रहते फैक्ट्री से बाहर निकल आए थे। इसी प्रकार विद्याधर नगर थाना इलाके स्थित नया खेड़ा में बुधवार शाम को एक रुई कारखाने में अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठती देखकर कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर वीकेआई फायर स्टेशन से 3 दमकल मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया। आग का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार नया खेड़ा आरपीए के पास एक रुई के कारखाने में रजाई-गद्दे और तकिए भरने का काम चल रहा था। शाम करीब पौने पांच बजे अचानक रुई ने आग पकड़ ली। आग ने कुछ ही समय में विकराल रुप धारण कर लिया। सूचना पर पुलिस और दमकल मौके पर पहुंची। आग से कपड़े, रुई सहित अन्य सामान व मशीनरी जल गई।

- **आग इतनी भीषण थी कि करीब 2 किलोमीटर दूरी से ही धुंए का गुब्बार नजर आ रहा था**

## सशस्त्र बलों के 11 हजार जवानों को इलेक्ट्रॉनिक पोस्टल बैलेट दिए

**जयपुर**, (का.सं.)। देश की सुरक्षा के लिए सशस्त्र बलों में तैनात जवान अपनी ड्यूटी के साथ-साथ लोकतंत्र को मजबूत बनाने का फर्ज भी बखूबी निभाएंगे। आगामी लोकसभा चुनावों में जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के 11 हजार 20 मतदाता सशस्त्र बलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं उनका मतदान के जरिये सुनिश्चित किया जा रहा है।

- **देश की सुरक्षा के लिए सशस्त्र बलों में तैनात जवान अपनी ड्यूटी के साथ-साथ लोकतंत्र को मजबूत बनाने का फर्ज भी बखूबी निभा सकेंगे**

अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल ने बताया कि जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 1 हजार 443 एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 9 हजार 577 इलेक्ट्रॉनिक पोस्टल बैलेट जारी किये गए हैं। उन्होंने बताया कि जयपुर निर्वाचन क्षेत्र में समाहित हवामहल विधानसभा क्षेत्र से 32, विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र से 683, सिविल लाइन विधानसभा क्षेत्र से 128, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र से 23, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से 39, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र से 119, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से 208, बगरू विधानसभा क्षेत्र से 211 इलेक्ट्रॉनिक पोस्टल बैलेट जारी किये गए हैं। उपनिदेशक, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग ऋतेश कुमार शर्मा ने बताया कि जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से 2 हजार 161, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से 1 हजार 282, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र से 957, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से 800, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से 962, आमेर विधानसभा क्षेत्र से 492, जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से 394, बानसूर विधानसभा क्षेत्र से जिले में सर्वाधिक 2 हजार 529 इलेक्ट्रॉनिक पोस्टल बैलेट जारी किये गए हैं।